**2020/TDC(CBCS)/ODD/SEM/**
**HINDSE–501T(A/B)/222**

**TDC (CBCS) Odd Semester Exam., 2020**
**held in March, 2021**

# HINDI

**( 5th Semester )**

( For Honours students Group–A and for Pass students Group–B )

*Full Marks* : 70
*Pass Marks* : 28

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

## GROUP—A

Course No. : HINDSEC–501T (H)

**( Sahityakar Vishesh : Kabirdas )**

### खण्ड—क

निम्नलिखित अति लघूत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं **दस** के उत्तर दीजिए : 2×10=20

**1.** 'निर्गुण भक्ति' का आशय लिखिए।

**2.** 'बीजक' के भागों के नाम लिखिए।

**3.** किन्हीं दो संत कवियों के नाम लिखिए।

**4.** 'रूढ़िभंजक' का आशय लिखिए।

**5.** कबीर किस धारा के कवि हैं?

**6.** कबीर के राम कौन हैं?

**7.** कबीर के काव्य का मूलाधार क्या है?

**8.** 'रहस्य-साधना' से आप क्या समझते हैं?

**9.** आचार्य शुक्ल ने कबीर की भाषा को क्या नाम दिया है?

**10.** 'कबीर ग्रंथावली' के संपादक कौन हैं?

**11.** कबीर किस प्रकार के संत हैं?

**12.** 'अप्रस्तुत विधान' का अर्थ लिखिए।

**13.** कबीर के अनुसार सतगुरु कैसा होना चाहिए?

**14.** ''जब गोबिंद कृपा करो, तब गुरु मिलिया आई''—का आशय लिखिए।

**15.** ''माया दीपक नर पतंग, भ्रमि भ्रमि इवैं पड़ंत''—का भाव स्पष्ट कीजिए।

**16.** 'साखी' का अर्थ लिखिए।

**17.** संतकाव्य का विकास किनसे माना जाता है?

**18.** निर्गुण भक्ति की दोनों शाखाओं के नाम लिखिए।

**19.** "हम न मरैं मरिहै संसारा"—का आशय लिखिए।

**20.** "गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागु पाय"—का अर्थ लिखिए।

## खण्ड—ख

निम्नलिखित दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर दीजिए : 10×5=50

**21.** संतकाव्य परम्परा में कबीर का स्थान निर्धारित कीजिए।

**22.** समाज सुधारक के रूप में कबीर का मूल्यांकन कीजिए।

**23.** कबीर की भक्ति-भावना पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

**24.** कबीर की रहस्य साधना को स्पष्ट कीजिए।

**25.** कबीर की काव्य-कला पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

**26.** "कबीर वाणी के डिक्टेटर थे।" इस कथन की समीक्षा कीजिए।

**27.** सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

सतगुरु की महिमा अनँत, अनँत किया उपगार,
लोचन अनँत उघाड़िया, अनँत दिखावणहार।

**28.** सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

जाका गुरु भी अंधला, चेला खरा निरंध।
अंधा अंधा ठेलिया, दून्यू कूप पड़ंत।

**29.** सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

दुलहनी गावहू मंगलचार,
हम घरि आये हो राजा राम भरतार।
तन रत करि मैं मन रत करिहूँ, पंचतत बराती।
राम देव मोरै पाहुनै आये, मैं जीवन मैं माती।।

**30.** सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

हरि जननी मैं बालिक तेरा,
काहे न औवगुण बकसहु मेरा।
सुत अपराध करै दिन केते, जननी कै चित रहै न तेते।
कर गहि केस करै जौ घाता, तऊ न हेत उतारै माता।।
कहै कबीर एक बुधि विचारी, बालक दुखी दुखी महतारी।।

GROUP—B

Course No. : HINDSEC–501T (P)

**( Chhayavadottar Hindi Kavita )**

**खण्ड—क**

निम्नलिखित अति लघूत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं **बीस** के उत्तर दीजिए : 1×20=20

**1.** 'पथ की पहचान' कविता के कवि कौन हैं?

**2.** कवि 'बच्चन' का पूरा नाम बताइए।

**3.** 'आधुनिक काव्य-संग्रह' के सम्पादक कौन हैं?

**4.** 'दिनकर' का पूरा नाम क्या है?

**5.** 'दिनकर' किस काल के कवि हैं?

**6.** 'प्रभाती' शीर्षक कविता के कवि कौन हैं?

**7.** 'रेणुका' किस कवि की रचना है?

**8.** कवि दिनकर ने हिमालय को किसका संरक्षक माना है?

**9.** शमशेर बहादुर सिंह किस विचारधारा के अनुयायी थे?

**10.** शमशेर बहादुर सिंह किस काव्यधारा के कवि हैं?

**11.** 'घिर गया समय का रथ' किस कवि की रचना है?

**12.** केदारनाथ अग्रवाल को किस विचारधारा का सशक्त कवि माना गया है?

**13.** 'खेत का दृश्य' कविता के कवि कौन हैं?

**14.** केदारनाथ अग्रवाल किस काल के कवि हैं?

**15.** केदारनाथ अग्रवाल पेशे से क्या थे?

**16.** "राधा बन कर धरती नाची, नाचे हँसमुख कृषक सँवरिया।" यह किस कविता की पंक्ति है?

**17.** 'पंद्रह अगस्त' शीर्षक कविता किस कवि की रचना है?

**18.** गिरिजा कुमार माथुर किस काव्यधारा के कवि हैं?

**19.** "हम राही, राहों के अन्वेषी हैं।" यह नारा किस काव्यधारा का है?

**20.** 'पंद्रह अगस्त' शीर्षक कविता किस ऐतिहासिक घटना पर आधारित है?

**21.** 'मंगलवर्षा' किस कवि की रचना है?

**22.** भवानी प्रसाद मिश्र की कविताओं में किस वर्ग के प्रति सहानुभूति है?

**23.** भवानी प्रसाद मिश्र किस काव्यधारा के कवि हैं?

**24.** 'गाँव' शीर्षक कविता के कवि कौन हैं?

**25.** 'धूमिल' का पूरा नाम क्या है?

**26.** 'मोचीराम' शीर्षक कविता के कवि कौन हैं?

**27.** 'धूमिल' की काव्य-भाषा क्या है?

**28.** 'प्रौढ़ शिक्षा' कविता में किसकी शिक्षा की बात कही गई है?

**29.** 'विवशता' शीर्षक कविता के कवि कौन हैं?

**30.** 'सुहागिन का गीत' शीर्षक कविता में किस भाव की प्रधानता है?

**31.** सर्वेश्वरदयाल सक्सेना किस काव्यधारा के कवि हैं?

**32.** सर्वेश्वरदयाल सक्सेना किस सप्तक के कवि हैं?

**33.** 'मुक्ति' शीर्षक कविता के कवि कौन हैं?

**34.** केदारनाथ सिंह किस काव्यधारा के कवि हैं?

**35.** "उसके बारे में कविता करना हिमाक़त की बात होगी।" यह उक्ति किसके संबंध में कही गई है?

**36.** 'नई कविता का सशक्त हस्ताक्षर' किस कवि को कहा गया है?

**37.** केदारनाथ सिंह के काव्य पर किस विचारधारा का प्रभाव है?

**38.** 'पूर्वजों की अस्थियों में' किस कवि की रचना है?

**39.** "कौन से प्रतीक, कौन से रंग, कौन-सा समय चुनती है विदा?"
यह किस कविता की पंक्ति है?

**40.** 'तोतों से बची पृथ्वी' शीर्षक कविता में 'तोते' किसके प्रतीक हैं?

## खण्ड—ख

निम्नलिखित लघूत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर दीजिए : 2×5=10

**41.** हरिवंश राय 'बच्चन' की दो काव्य-कृतियों के नाम लिखिए।

**42.** कवि 'दिनकर' ने हिमालय को धरती का ताज क्यों कहा है?

**43.** "एक जनता-अमर वर
एकता का स्वर"
—इस पंक्ति का आशय लिखिए।

**44.** 'पक्षी-दिन' कविता का भाव स्पष्ट कीजिए।

**45.** "बालकों-सा खेलता मैं
ज़िंदगी में, किन्तु साथी दूर
पर बिछुड़ा हमारा!"
—पंक्ति का अर्थ लिखिए।

**46.** भवानी प्रसाद मिश्र की दो काव्य-कृतियों के नाम बताइए।

**47.** "हर आदमी एक जोड़ी जूता है।" पंक्ति का आशय लिखिए।

**48.** सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की दो काव्य-कृतियों के नाम लिखिए।

**49.** "अपनी एक टाँग पर खड़ा है यह शहर अपनी दूसरी टाँग से बिल्कुल बेखबर"—का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

**50.** अशोक वाजपेयी की दो काव्य-कृतियों के नाम लिखिए।

## खण्ड—ग

निम्नलिखित दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर दीजिए : 8×5=40

**51.** 'पथ की पहचान' शीर्षक कविता में निहित संदेश को लिखिए।

**52.** रामधारी सिंह 'दिनकर' की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**53.** 'बात बोलेगी' शीर्षक कविता के भावपक्ष को स्पष्ट कीजिए।

**54.** केदारनाथ अग्रवाल की काव्य-भाषा की विशेषताएँ लिखिए।

**55.** 'पंद्रह अगस्त' शीर्षक कविता के केन्द्रीय भाव को स्पष्ट कीजिए।

**56.** भवानी प्रसाद मिश्र की काव्यगत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**57.** 'मोचीराम' कविता की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।

**58.** सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के शिल्प-सौंदर्य की विवेचना कीजिए।

**59.** "'बनारस' शीर्षक कविता में बनारस की परम्परा और आधुनिकता का अद्भुत समन्वय हुआ है।" स्पष्ट कीजिए।

**60.** "अशोक वाजपेयी मूलतः आस्था के कवि हैं।" सिद्ध कीजिए।

★★★